अमर उजाला 13/04/2025

# रैगिंग पर नारा लेखन में जसमीत प्रथम

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की एंटी रैगिंग सेल और जनप्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्टॉप रैगिंग, स्टार्ट सपोर्टिंग विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें कॉलेज के विभिन्न संकायों के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जसमीत, द्वितीय स्थान पर काजल, तृतीय स्थान पर खुशी रही। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देती हैं, बल्कि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध चेतना भी जागृत करती हैं। उन्होंने कहा, रैगिंग न केवल एक अपराध है, बल्कि यह हमारे शैक्षणिक वातावरण को भी दूषित करती है। हमारे कॉलेज में रैगिंग के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। संवाद